## तंबाकू लाइसेंसिंग

अब विक्टोरिया में तंबाकू उत्पादों की बिक्री से संबंधित सख्त नए नियंत्रण और दंड लागू हैं।

यदि आप विक्टोरिया में तंबाकू की बिक्री करते/ती हैं - या तो जनता को या अन्य व्यवसायों को – तो आपके पास तंबाकू लाइसेंस होना चाहिए।

यह खुदरा और थोक बिक्री, दोनों के लिए लागू है और इसमें ऑनलाइन बेचने वाले व्यवसाय भी शामिल हैं।

## तंबाकू लाइसेंस के लिए आवेदन करें

आप तंबाकू लाइसेंसिंग विक्टोरिया (टीएलवी) [Tobacco Licensing Victoria (TLV)] से अपने लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन **सर्विस विक्टोरिया (Service Victoria)** के माध्यम से कर सकते/ती हैं।

आपको सुनिश्चित करना होगा कि आप जिस प्रकार का आवेदन जमा करेंगे/गी, वह आपकी व्यावसायिक संरचना से मेल खाता है। एकल व्यापारियों को एक नैचुरल पर्सन के रूप में आवेदन करना चाहिए, जो व्यवसायिक साझेदारी में हैं उन्हें पार्टनरशिप के रूप में आवेदन करना चाहिए, तथा सार्वजनिक या निजी कंपनियों और निगमित संघों को एक बॉडी कॉर्पोरेट के रूप में आवेदन करना चाहिए। यदि आप अनिश्चित हैं कि आपको किस प्रकार का आवेदन जमा करना चाहिए, तो आपको स्वतंत्र कानूनी सलाह लेनी चाहिए।

### कौन आवेदन कर सकता है

आप तंबाकू लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते/ती हैं, यदि आप:

- 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के व्यक्तिगत एकल व्यापारी हैं
- एक साझेदारी हैं
- एक कंपनी हैं
- एक निगमित संघ हैं।

यदि आप या आपके व्यवसाय में कोई निदेशक, कार्यकारी समिति के सदस्य या भागीदार *तंबाकू अधिनियम 1987* के तहत अयोग्य हैं, तो आप आवेदन नहीं कर सकते/ती हैं।

### लाइसेंस के प्रकार

तंबाकू लाइसेंस 2 प्रकार के होते हैं: रिटेल और होलसेल।

यदि आप रिटेल **और** होलसेल तंबाकू की बिक्री करते/ती हैं, तो आपको दोनों प्रकार के लाइसेंस की आवश्यकता होगी।

आपको अपनी बिक्री के हरेक स्थल के लिए एक अलग लाइसेंस की आवश्यकता होगी। आप 1 ही ऑनलाइन आवेदन में एकाधिक स्थल शामिल कर सकते/ती हैं।

### रिटेल लाइसेंस

रिटेल लाइसेंस जनता को तंबाकू बेचने वाले व्यवसायों के लिए होते हैं, जिसमें वेंडिंग मशीनें भी शामिल हैं। इसमें शामिल है:

- सुपरमार्केट
- किराने की दुकानें
- कन्वीनियन्स स्टोर
- लिक्कर लाइसेंस-प्राप्त परिसर
- पेट्रोल स्टेशन
- टोबैकोनिस्ट
- ऑनलाइन रिटेलर।

### होलसेल लाइसेंस

होलसेल लाइसेंस अन्य रिटेल या होलसेल व्यवसायों को तंबाकू बेचने वाले व्यवसायों के लिए होते हैं।

### आवेदन करने से पहले आपको किन बातों की आवश्यकता है

अपना आवेदन शुरू करने से पहले आपको अपने व्यवसाय की संरचना से अवगत होना होगा (उदाहरण के लिए, क्या आप एकल व्यापारी, साझेदारी, कंपनी या निगमित संघ के रूप में लाइसेंस के लिए आवेदन कर रहे/ही हैं)।

**सभी आवेदकों** को व्यवसाय और व्यक्तिगत जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता होगी, जिसमें शामिल है:

- व्यवसाय का स्थल
- व्यवसाय का प्रकार
- वे क्या उत्पाद बेचते हैं
- व्यवसाय से संबंधित कोई भी वेबसाइटें या सोशल मीडिया खाते।

**व्यक्तिगत एकल व्यापारी आवेदकों, साझेदारों, निदेशकों और कार्यकारी समिति के सदस्यों के लिए यह** आवश्यक **होगा कि वे:**

- अपनी पहचान सत्यापित करें
- हाल की राष्ट्रीय पुलिस जांच (National Police Check) प्रदान करें
- अपना निदेशक आईडी (director ID) प्रदान करें (यदि लागू हो)
- अपने व्यक्तिगत, आर्थिक और आपराधिक इतिहास तथा दिवालियापन इतिहास का खुलासा करें।

**कंपनियों** को ऑस्ट्रेलियाई प्रतिभूति एवं निवेश आयोग (एएसआईसी) [Australian Securities and Investments Commission (ASIC)] से एक अतीत और वर्तमान उद्धरण प्रदान करने की आवश्यकता होगी।

अन्य **निगमित निकायों** को निगमन का प्रमाण देने की आवश्यकता होगी, जैसे निगमित संघ।

एक ट्रस्ट के रूप में काम करने वाले **व्यवसायों** को एक ट्रस्ट डीड प्रदान करने की आवश्यकता होगी।

### लाइसेंस आवेदन शुल्क

आवेदन करते समय आपको शुल्क का भुगतान करना होगा। आप वीज़ा, मास्टरकार्ड या BPay से भुगतान कर सकते/ती हैं। शुल्क को रिफंड नहीं किया जा सकता है, चाहे आपका आवेदन अस्वीकार हो जाए।

| आवेदन का प्रकार | शुल्क |
|---|---|
| लाइसेंस के लिए आवेदन 30 जून 2026 से पहले जारी किया गया गया, 30 जून 2027 तक वैध | $1,175.20 |
| 30 जून 2026 के बाद जारी किए जाने वाले वार्षिक लाइसेंस का आवेदन | $829.60 |

## आपका आवेदन जमा करने के बाद

जब हमें आपका आवेदन और भुगतान प्राप्त होता है, तो हम यह तय करने के लिए समीक्षा करेंगे कि क्या आप तंबाकू लाइसेंस रखने के लिए उपयुक्त हैं।

प्रत्येक आवेदन के लिए प्रसंस्करण समय अलग-अलग होगा। लाइसेंस आवेदन जमा करने से आपको लाइसेंस दिए जाने की गारंटी नहीं मिलती है।

हम आपके आवेदन के परिणाम के बारे में आपको ईमेल के माध्यम से अवगत कराएंगे।

## यदि आपके आवेदन को स्वीकार किया जाता है

यदि आपके आवेदन को स्वीकार किया जाता है, तो आपको अपनी जिम्मेदारियाँ समझनी होंगी और अपने तंबाकू लाइसेंस की शर्तों का पालन करना होगा।

## यदि आपके आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाता है

यदि आप हमारे निर्णय से असहमत हैं, तो आप टीएलवी की वेबसाइट पर उपलब्ध आंतरिक समीक्षा फॉर्म का आवेदन जमा करके एक आंतरिक समीक्षा कराने का निवेदन कर सकते/ती हैं।

हम 28 दिनों के अंदर निर्णय की समीक्षा करेंगे और आपको परिणाम की सूचना देंगे।

यदि आप आंतरिक समीक्षा के परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप विक्टोरियाई नागरिक एवं प्रशासनिक न्यायाधिकरण (वीसीएटी) [Victorian Civil and Administrative Tribunal (VCAT)] के पास आवेदन कर सकते/ती हैं।

आपको आंतरिक समीक्षा का निर्णय मिलने के 28 दिनों के अंदर आवेदन करने की आवश्यकता होगी।

## अपने तंबाकू लाइसेंस का पुन:नवीकरण करें

तंबाकू लाइसेंस एक वित्तीय वर्ष के लिए वैध होते हैं। लाइसेंस हरेक वर्ष 30 जून को समाप्त हो जाते हैं।

आपको हरेक वर्ष 30 जून तक अपने लाइसेंस के पुन:नवीकरण के लिए आवेदन करना होगा।

यदि हम आपके लाइसेंस की समय-सीमा समाप्त होने से पहले आपके नवीकरण आवेदन के बारे में निर्णय नहीं लेते हैं, तो आपका लाइसेंस तब तक वैध रहता है जब तक कि निर्णय नहीं ले लिया जाता है।

आपको निम्नलिखित के लिए टीएलवी से अनुमोदन की आवश्यकता होगी:

- अपने लाइसेंस की शर्तें बदलना
- अपने लाइसेंस को ट्रांस्फर करना (उदाहरण के लिए, किसी नए मालिक को)
- अपने लाइसेंस को स्थानांतरित करना (उदाहरण के लिए, व्यवसाय का स्थल बदलना)
- अपने लाइसेंस को रद्द या निलंबित करना।

यदि आपको इनमें से कोई भी परिवर्तन कराने की आवश्यकता है, तो आपको टीएलवी  की वेबसाइट पर उपयुक्त फॉर्म का उपयोग करके आवेदन जमा करना होगा और शुल्क का भुगतान करना होगा।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जारी किए गए लाइसेंस 30 जून 2027 तक मान्य होंगे।

## अपने तंबाकू लाइसेंस के नियमों का पालन करें

आपको अपनी जिम्मेदारियों और अपने तंबाकू लाइसेंस की शर्तों से अवगत होना होगा।

अपने लाइसेंस को प्रदर्शित करें, ताकि आपके व्यवसाय के खुले होने पर ग्राहक इसे आसानी से पढ़ सकें।

आपको अपने लाइसेंस पर लागू किसी भी शर्त का पालन करना होगा।

सभी लाइसेंसों के साथ मानक शर्तें लागू होती हैं। सभी लाइसेंसों के साथ लागू मानक शर्तें तंबाकू विनियम 2017 में नियत की गई हैं। ये हैं:

- लाइसेंसधारियों को केवल अन्य लाइसेंस-प्राप्त व्यवसायों से ही तंबाकू की आपूर्ति और खरीद करनी चाहिए (यदि ऑस्ट्रेलिया के अंदर बिक्री होती है)।
- लाइसेंसधारियों को तंबाकू की खरीद का (ऑस्ट्रेलिया और विदेशों में) रिकॉर्ड रखना होगा और निवेदन किए जाने पर इसे टीएलवी को उपलब्ध कराना होगा।
- लाइसेंसधारियों को प्रत्येक स्थान पर तंबाकू की बिक्री के बारे में आकड़े एकत्र करने चाहिए और वार्षिक रूप से टीएलवी के पास इसकी रिपोर्ट करनी चाहिए।
- 1 जनवरी 2027 से रिटेल लाइसेंसधारियों के लिए यह आवश्यक होगा कि वे 18 वर्ष से कम आयु के कर्मचारियों को तंबाकू उत्पाद बेचने की अनुमति न दें।

## विशिष्ट शर्तें

लाइसेंस में जोखिम कम करने के लिए शर्तें शामिल हो सकती हैं। इनमें परिचालन के घंटे घटाना या कुछ उत्पादों का प्रदर्शन प्रतिबंधित करना शामिल हो सकता है।

हमारे द्वारा एक नया लाइसेंस जारी करते समय, या फिर ट्रांस्फर, स्थानांतरण या परिवर्तन के आवेदन के हिस्से के रूप में यह हो सकता है।

## अपनी जानकारी को अप टु डेट रखें

आपको अपने आवेदन में दी गई जानकारी में निम्नलिखित में से किसी भी परिवर्तन के बारे में हमें **परिवर्तन होने के 14 दिनों के अंदर** बताना आवश्यक होगा:

- लाइसेंसधारी के विवरण, जैसे नई संपर्क जानकारी
- आपके व्यवसाय के प्रबंधन में शामिल लोगों में परिवर्तन, जैसे निदेशक, कार्यकारी समिति के सदस्य या साझेदार
- परिसर के विवरण, जैसे नया मकान-मालिक या रियल एस्टेट एजेंट
- आपके व्यवसाय को प्रभावित कर सकने वाले या इसमें आर्थिक हित रखने वाले लोगों में परिवर्तन, जैसे व्यवसाय के लिए काम करने वाले परिवार के सदस्य या पैसे उधार देने वाले लोग
- दस्तावेजों में अपडेट्स।

## तंबाकू लाइसेंसिंग अनुपालन और प्रवर्तन

1 फरवरी 2026 से टीएलवी लाइसेंसिंग योजना लागू करना शुरू कर देगा। तंबाकू बेचने वाले व्यवसायों के पास इस तिथि तक लाइसेंस होना अनिवार्य है।

हम इस बात की जांच करेंगे कि तंबाकू बेचने वाले व्यवसायों के पास लाइसेंस है और वे अपने लाइसेंस की शर्तों का पालन कर रहे हैं।

**यदि आप कानून का पालन नहीं करते/ती हैं, तो हम आपके लाइसेंस को परिवर्तित, निलंबित या रद्द कर सकते हैं।**

यदि हमें संदेह हो कि आप अवैध तंबाकू रख या बेच रहे/ही हैं, तो हम अधिकतम 90 दिनों के लिए आपका लाइसेंस तुरंत निलंबित कर सकते हैं।

हम किसी भी समय लाइसेंस की समीक्षा कर सकते हैं।

## दंड

| अपराध | व्यक्ति-विशेषों के लिए दंड | व्यवसायों और निगमित संघों के लिए दंड |
|---|---|---|
| तंबाकू आपूर्ति व्यवसायों द्वारा अवैध तंबाकू रखना | अधिकतम $170,948.40 या अधिकतम 5 वर्षों की जेल। | $854,742 से अधिक |
| अवैध तंबाकू बेचना | अधिकतम $366,318 या अधिकतम 15 वर्षों की जेल। | $1.8 मिलियन से अधिक |
| बिना लाइसेंस के तंबाकू बेचना | अधिकतम $170,948.40 या अधिकतम 5 वर्षों की जेल। | $854,742 |
| लाइसेंस की शर्तों या जिम्मेदारियों का पालन न करना | अधिकतम $12,210.60 | $61,053 |
| झूठी या भ्रामक जानकारी प्रदान करना | अधिकतम $12,210.60 | $61,053 |
| लाइसेंस की प्रति दिखाने में असफल | अधिकतम $1,017.55 | $5,087.75 |

## तंबाकू लाइसेंसिंग विक्टोरिया (Tobacco Licensing Victoria) के बारे में

तंबाकू लाइसेंसिंग विक्टोरिया (टीएलवी) [Tobacco Licensing Victoria (TLV)] विक्टोरिया में तंबाकू उत्पादों की वैध आपूर्ति नियंत्रित करता है।

हम न्याय एवं सामुदायिक सुरक्षा विभाग (Department of Justice and Community Safety) का हिस्सा हैं और इन बातों के लिए जिम्मेदार हैं:

- तंबाकू उत्पादों की आपूर्ति करने वाले व्यवसायों को लाइसेंस प्रदान करना
- लाइसेंसिंग योजना की जांच करना और इसे लागू करना।

लाइसेंसिंग योजना मानव उपभोग के लिए डिज़ाइन किए गए सिगरेट, सिगार और अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री का विनियमन करती है।

इस योजना के तहत ई-सिगरेट और वेप्स का विनियमन नहीं किया जाता है। इन उत्पादों का विनियमन राष्ट्रमंडल सरकार द्वारा किया जाता है।

## टीएलवी से संपर्क करें

ईमेल: contacttobacco@justice.vic.gov.au

कॉल: 1300 194 739